RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

बहना है ताकाइची, मेलोनी है मित्र।
मोदी भैया आप हैं, सचमुच बड़े विचित्र।
सचमुच बड़े विचित्र, हुनर यह जमकर आता।
अलग-अलग से अलग, जोड़ लेते हैं नाता।
कह साहिल कविराय, यही बस अपना कहना।
राहुल भी हैं बंधु, प्रियंका भी हैं बहना।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 161 | SATURDAY DATE 04-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 52,000 करोड़ रुपए की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है। डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। इनमें एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग', मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली तथा जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली शामिल हैं। 'आकाश तरंग' प्रणाली सेना की अग्रिम तैनातियों और महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली ड्रोन का पता लगाने, उन्हें बाधित करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। वहीं, एंटी-टैंक मिसाइल से इन्फेंट्री की ताकत बढ़ेगी।



### अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो, इस प्रार्थना के साथ पीएम ने श्रद्धालुओं को लिखा पत्रः प्रवीण खंडेलवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा, राम मंदिर चढ़ावा मामले और युवाओं के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा में सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, कानून व्यवस्था और युवाओं के सशक्तिकरण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा देशवासियों के लिए अत्यंत पवित्र और आस्था का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के नाम एक प्रेरणादायक पत्र लिखा है, जिसमें यात्रा के सफल, सुरक्षित और सुचारू संचालन की कामना की गई है। प्रधानमंत्री का यह संदेश श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और भगवान भोलेनाथ के प्रति देश की आस्था को और मजबूत करता है। राम मंदिर चढ़ावा मामले में कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह सतर्क है।



# दिल्ली में शुरू होगी 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' परियोजना : रेखा गुप्ता

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राजधानी में वायु प्रदूषण की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सरकार 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' परियोजना शुरू करने जा रही है।

श्रीमती गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि यह पर्यावरण विभाग की एक महत्वाकांक्षी सात वर्षीय परियोजना है, जिसे विश्व बैंक सहित बहुपक्षीय संस्थाओं के सहयोग से लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य दिल्ली की वायु प्रदूषण जोखिम न्यूनीकरण योजना को तेजी से लागू करना, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और 'विकसित भारत 2047' के विजन में योगदान देना है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने और सभी हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 10 जुलाई को एक विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों की भूमिकाएं तय की जाएंगी और कार्यक्रम के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन की रूपरेखा पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना सितंबर 2026 से अगस्त 2033 तक दिल्ली के सभी जिलों में लागू की जाएगी। इसकी कुल अनुमानित लागत 8,300 करोड़ रुपये है, जिसमें 65 प्रतिशत वित्तीय सहायता विश्व बैंक उपलब्ध कराएगा, जबकि 35 प्रतिशत राशि दिल्ली सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के तहत परिवहन, सड़क की धूल, निर्माण एवं ध्वस्तीकरण (सीएंडडी) अपशिष्ट, ठोस कचरा प्रबंधन, उद्योग, हरित क्षेत्र और जल प्रदूषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर काम किया जाएगा।



> साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, इंडो-गंगा के मैदानी राज्यों के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण पर काम होगा तथा वैज्ञानिक योजना, जनजागरूकता, प्रशिक्षण और नई तकनीकों व नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा।

यह केवल प्रदूषण नियंत्रण की योजना नहीं है, बल्कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा, बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य और अधिक टिकाऊ शहरी पर्यावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक दीर्घकालिक निवेश है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित किया गया है।

पहला स्तंभ दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को मजबूत बनाने पर केंद्रित है।

इसके तहत परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए एक समर्पित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) बनाई जाएगी।

आधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी , डेटा एनालिटिक्स और एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) आधारित निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी।

साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, इंडो-गंगा के मैदानी राज्यों के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण पर काम होगा तथा वैज्ञानिक योजना, जनजागरूकता, प्रशिक्षण और नई तकनीकों व नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा।



### पाकिस्तान में 80 फीट नीचे खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस; 40 की मौत, आठ घायल

**क्वेटा, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से जानकारी दी कि बलूचिस्तान के शेरानी जिले के धनसार इलाके से निकलकर प्रांतीय सीमा पार कर खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान में घुसते ही पेशावर जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई। पाकिस्तान की मीडिया डॉन के अनुसार, इस भयानक घटना में 40 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री के मीडिया और राजनीतिक मामलों के सहायक, शाहिद रिंद ने सबसे पहले मरने वालों की संख्या बताई। हालांकि, बाद में केपी रेस्क्यू 1122 ने भी इसकी पुष्टि की। रिंद के बयान में कहा गया कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के निर्देश पर दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिए गए थे। शुक्रवार सुबह बयान में कहा गया, 'दोनों प्रांतों के जिला प्रशासन, बचाव और दूसरे संबंधित विभाग प्रभावित लोगों को मदद दे रहे हैं। सच सामने लाने के लिए घटना की जांच की जाएगी।'

## पश्चिम बंगाल में बदलेगी राजनीतिक संस्कृति, विपक्ष को बराबरी का अवसर देंगे: सुवेंदु अधिकारी

**» कोलकाता, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी शुक्रवार को कोलकाता स्थित पश्चिम बंगाल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्षी विधायकों को अधिक लोकतांत्रिक अवसर देने का भरोसा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस के पिछले शासनकाल के दौरान विपक्ष को ऐसा लोकतांत्रिक स्थान नहीं मिल पाया था।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'सबसे पहले 1977 से 2011 तक 34 वर्षों के वाम मोर्चा शासन के दौरान अधिकांश कामकाज सत्ताधारी दल के कार्यालय से ही संचालित होता था। इसके बाद पिछले 15 वर्षों (2011 से 2026) के बारे में ज्यादा कहना उचित नहीं है। राज्य के बारे में नकारात्मक बातें करना सही नहीं है, लेकिन पिछली सरकार में विपक्षी विधायकों का सम्मान नहीं किया जाता था। ब्लॉक विकास अधिकारी और थानों के प्रभारी अधिकारी भी विपक्षी विधायकों के फोन नहीं उठाते थे। सार्वजनिक कार्यक्रमों में केवल सत्ताधारी दल के विधायकों को ही आमंत्रित किया जाता था। मैं पांच साल तक विपक्ष का नेता रहा, लेकिन मुझे किसी भी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया।' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के नए और नौवें मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के पहले दो महीनों में उन्होंने विपक्षी विधायकों के लोकतांत्रिक दायरे को सीमित करने की पिछली प्रणाली को बदलने की कोशिश की थी।




## कांग्रेस का शासन मॉडल केवल तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और कट्टरपंथियों का सहयोग: सुधांशु त्रिवेदी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपने-अपने राजनीतिक दलों को अपनी जाति जागीर समझने वाले और जनमानस की भावनाओं का निरंतर अपमान करके निरंतर असफलता पाने वाले चंद राजनीतिक दलों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को जो पत्र लिखा है, और लोकतंत्र पर आघात करने का जो असफल प्रयास किया, भाजपा उसकी कठोर शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि केरल में, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में स्वीकार किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से कांग्रेस को लाभ हुआ क्योंकि वामपंथी शासन के दौरान दर्ज फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूचियों से हटा दिया गया था। हाल ही में, कर्नाटक में डीके शिवकुमार ने पार्टी कार्यकताओं को एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग करने का निर्देश दिया। फिर भी आज, कांग्रेस उसी प्रक्रिया पर हमला कर रही है। यह विरोधाभास कांग्रेस पार्टी के इरादों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। भाजपा नेता ने कहा कि एसआईआर को भिन्न-भिन्न न्यायालयों के द्वारा पूर्णतया युक्तिसंगत और विधिसम्मत ठहराया जा चुका है। ये पूर्व में भी समय-समय पर भारत सरकार और चुनाव आयोग द्वारा होता रहा है।



## मोदी सरकार लोगों पर जबरदस्ती थोप रही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल : केजरीवाल

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोपने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मोदी सरकार के लिए पूरा देश प्रयोगशाला है।

श्री केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोप रही है। जबकि एथनॉल से गाड़ियां बंद हो रही हैं, पार्ट्स खराब हो रहे हैं और माइलेज भी 30 प्रतिशत कम आ रहा है। इससे देश भर में लोगों के अंदर जबरदस्त गुस्सा है। जब गाड़ियों का 30 प्रतिशत माइलेज कम आ रहा है, तो इथेनॉल मिला पेट्रोल भी 30 प्रतिशत सस्ता होना चाहिए। आप संयोजक ने एक्स पर वीडियो संदेश में कहा कि 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। 30 जून को केंद्र सरकार ने अटॉर्नी जनरल के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में यह कहा कि यह सिर्फ एक प्रयोग है और इसके परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। जब यह खबर अगले दिन मीडिया में आई, तो केंद्र सरकार बिल्कुल मुकर गई।



केंद्र सरकार ने बयान जारी करके कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं बोला है, यह झूठ है। उन्होंने पूछा कि यह कैसा प्रयोग है? प्रयोग तब होता है जब किसी चीज को 50, 100, 500 या 1000 गाड़ियों पर कर लिया जाता और उस प्रयोग के आधार पर जो नतीजे आते, उनके आधार पर यह तय किया जाता कि इसे पूरे देश में लागू करना है या नहीं। पूरे देश की 140 करोड़ जनसंख्या की सारी गाड़ियों पर उन्होंने इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल अनिवार्य कर दिया है और अब वे कह रहे हैं कि प्रयोग कर रहे हैं।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दो वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की तीन स्कूटी बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

नई दिल्ली की उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) को दो पहिया वाहन चोरी के मामले में सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से मोटर वाहन चोरी के कई मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई को एएटीएस की टीम को



सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध चोरी की स्कूटी से इलाके में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर दीपक पांडेय के नेतृत्व में टीम ने मौजपुर स्थित शास्त्री मार्ग गली के पास जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच के दौरान जिस स्कूटी पर दोनों आरोपी सवार थे, वह थाना सीमापुरी क्षेत्र से चोरी की गई पाई गई। पुलिस ने उनसे पूछताछ की और इस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वाहन चोरी की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो और चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए, जिन्हें थाना भजनपुरा और थाना दयालपुर क्षेत्र से चुराया गया था।






## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दो वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की तीन स्कूटी बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

नई दिल्ली की उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) को दो पहिया वाहन चोरी के मामले में सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से मोटर वाहन चोरी के कई मामलों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई को एएटीएस की टीम को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध चोरी की स्कूटी से इलाके में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर दीपक पांडेय के नेतृत्व में टीम ने मौजपुर स्थित शास्त्री मार्ग गली के पास जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच के दौरान जिस स्कूटी पर दोनों आरोपी सवार थे, वह थाना सीमापुरी क्षेत्र से चोरी की गई पाई गई। पुलिस ने उनसे पूछताछ की और इस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वाहन चोरी की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो और चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए, जिन्हें थाना भजनपुरा और थाना दयालपुर क्षेत्र से चुराया गया था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमान उर्फ कोमा (18) निवासी पुराना मुस्तफाबाद और जीशान उर्फ जिशु (18) निवासी नूर-ए-इलाही, दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि बरामदगी के बाद कुल तीन चोरी के दोपहिया वाहन जब्त किए गए। इस संबंध में थाना जाफराबाद में कानून की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर की भूमिका को स्वाभाविक रूप से शामिल किया गया है

**खेलो इंडिया महिला सिटी लीग का आयोजन 5 जुलाई को ईश्वरवाल में, पहली बार जुटेंगी 100 से अधिक महिला साइकिलिस्ट**

» **हरियाणा भिवानी, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

भारत सरकार, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के सहयोग से अस्मिता साइक्लिंग खेलो इंडिया महिला सिटी लीग का आयोजन 5 जुलाई को भिवानी जिले के ईश्वरवाल में किया जाएगा। भिवानी में पहली बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता को लेकर हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर की अहम भूमिका रही है। उनके सतत प्रयासों और समन्वय के चलते भिवानी को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है।

जिला साइक्लिंग संघ के महासचिव समीर यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। सीनियर वर्ग में 19 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाएं, जूनियर वर्ग में 17 से 18 वर्ष की बालिकाएं तथा सब जूनियर एवं यूथ वर्ग में 13 से 16 वर्ष आयु की बालिकाएं भाग ले सकेंगी। सभी आयु वर्गों में व्यक्तिगत और टीम स्पधाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में साइक्लिंग खेल को बढ़ावा देना है।

समीर यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य साइक्लिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर के विशेष प्रयासों से यह आयोजन संभव हो सका है। उन्होंने



प्रदेश में महिला साइक्लिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता को भिवानी में आयोजित कराने के लिए लगातार प्रयास किए। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से जिले में पहली बार इस स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिससे महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट मंच मिलेगा।

प्रतियोगिता में भिवानी जिले की लगभग 100 महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। खिलाड़ियों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। आयोजकों ने जिले की अधिक से अधिक महिला खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।यदि यह समाचार अखबार में प्रकाशित होना है, तो इसे और अधिक समाचार शैली (इनवर्टेड पिरामिड) में भी तैयार किया जा सकता है।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, 49 चोरी के मोबाइल और दो चाकू बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग घटनाओं में चोरी किए गए कुल 49 मोबाइल फोन तथा दो चाकू बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से सेक्टर-18 स्थित पार्क के सामने से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान विक्की पुत्र मुकेश निवासी मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, दिल्ली तथा आसिफ पुत्र आशु निवासी राशिद अली गेट, लोनी, गाजियाबाद के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से 49 चोरी के मोबाइल और दो चाकू बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन की जांच करने पर पता चला कि इनमें से एक वीवो कंपनी का मोबाइल थाना सेक्टर-24 में दर्ज एक चोरी के मुकदमे से संबंधित है। इसके अलावा दोनों आरोपियों ने थाना सेक्टर-20 में दर्ज एक अन्य मोबाइल चोरी की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि विक्की टैक्सी चलाने का काम करता है, जबकि आसिफ कपड़ों की फेरी लगाने का कार्य करता है।

## 18 लाख जुर्माना लगाया और 30 टन की जब्त पर बाजार से पॉलीथिन नहीं हो रही खत्म

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई**

वर्ष 2022 में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू किए जाने और नगर निगम की ओर से जुमार्ना और जब्ती के बावजूद लोगों के बीच सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद नहीं हो पा रहा। इसे जागरूकता की कमी कहें या फिर प्रशासन की लापरवाही कि न तो वह लोगों के मन में डर बना पा रहा न ही जागरूक कर पा रहा। यही वजह है कि लाखों रुपये जुमार्ना भरने और पॉलीथिन जब्त होने के बावजूद बाजार में पॉलीथिन का प्रयोग नहीं रुक पा रहा। लोगों को पॉलीथिन बैग छोड़ने को प्रेरित करने के लिए हर साल 3 जुलाई को इंटरनेशनल पॉलीथिन बैग फ्री डे मनाया जाता है। आंकड़ों की बात करें तो बीते एक वर्ष में नगर निगम जनपद से करीब 30 टन प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर चुका है और करीब दो हजार लोगों से 18 लाख रुपये तक का जुमार्ना वसूला जा चुका है। शहर के सब्जी बाजारों, फल विक्रेताओं, किराना दुकानों और फुटपाथ पर लगने वाले ठेलों पर खुलेआम पॉलीथिन में सामान दिया जा रहा है। स्थिति यह है कि नालों, सड़कों और कचरे के ढेरों में बड़ी मात्रा में पॉलीथिन दिखाई देती है। इससे न



केवल शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि नालियां जाम होने से जलभराव की समस्या भी बढ़ रही है। बारिश के दौरान यह समस्या और गंभीर रूप ले लेती है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अधिकारी एनके त्रिपाठी का कहना है कि पॉलीथिन तेजी से वातावरण में जहर घोल रही है। यह आसानी से नष्ट नहीं होती और वर्षों तक मिट्टी में पड़ी रहती है, जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है।

## ग्रेटर नोएडा हाउसिंग प्रोजेक्ट धोखाधड़ी : सीबीआई ने रुद्र बिल्डवेल प्रोजेक्ट्स और उसके निदेशक के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 03 जुलाई**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ग्रेटर नोएडा के एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए रुद्र बिल्डवेल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक के खिलाफ सक्षम अदालत में चार्जशीट दाखिल की है।

यह कार्रवाई घर खरीदारों के साथ बड़े पैमाने पर हुई धोखाधड़ी की जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर की गई है। सीबीआई के मुताबिक, जांच में ऐसे पर्याप्त प्रमाण मिले हैं, जिनसे यह स्पष्ट होता है कि कंपनी और उसके निदेशक ने योजनाबद्ध तरीके से निवेशकों और घर खरीदारों को झूठे वादों और भ्रामक दावों के जरिए अपने जाल में फंसाया।

सीबीआई की जांच में सामने आया है कि आरोपी बिल्डर कंपनी और उसके निदेशक ने आपराधिक साजिश रचते हुए घर खरीदारों और निवेशकों को परियोजना से जुड़े आकर्षक आश्वासन दिए। उन्हें समय पर फ्लैट उपलब्ध




कराने, बेहतर सुविधाएं देने और सुरक्षित निवेश का भरोसा दिलाया गया, जबकि वास्तविकता इससे अलग थी।

जांच एजेंसी का कहना है कि इन भ्रामक वादों और धोखे के माध्यम से आरोपियों ने आर्थिक लाभ अर्जित किया, जबकि निवेशकों को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। एजेंसी का मानना है कि यह सुनियोजित तरीके से किया गया आर्थिक अपराध था, जिसमें बड़ी संख्या में खरीदार प्रभावित हुए।

सीबीआई ने बताया कि जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। एजेंसी का कहना है कि मामले की जांच निष्पक्ष और व्यापक तरीके से की गई है तथा सभी उपलब्ध दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और अन्य साक्ष्यों का गहन परीक्षण किया गया है। जांच एजेंसी ने यह भी जानकारी दी कि देशभर में बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों से जुड़े कथित आवासीय घोटालों की जांच अभी भी जारी है। वर्तमान में सीबीआई विभिन्न बिल्डर कंपनियों और कुछ वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 36 अन्य मामलों की जांच कर रही है। इन मामलों में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी, परियोजनाओं के लिए जुटाए गए धन के कथित दुरुपयोग और फंड डायवर्जन जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। ये सभी मामले सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के बाद दर्ज किए गए थे, जिनका उद्देश्य लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हजारों घर खरीदारों को राहत दिलाना और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करना है। इससे पहले, सीबीआई ने रुद्र बिल्डवेल कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड, ड्रीम प्रोकॉन प्राइवेट लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, सीएचडी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सीक्वल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड, शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, नाइनक्स डेवलपर्स लिमिटेड और डिसेंट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशकों के साथ-साथ कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के खिलाफ 12 चार्जशीट दाखिल की थीं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## कुरुक्षेत्र में रिपब्लिकन पार्टी (अठावले) का संगठन हुआ मजबूत, गुलजार सिंह बने जिला अध्यक्ष

**अशिवनी वालिया/कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली कुरुक्षेत्र पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व पुलिस अधिकारी श्री गुलजार सिंह को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) का जिला अध्यक्ष, कुरुक्षेत्र नियुक्त किया तथा उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गुलजार सिंह अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को जिला स्तर पर और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रदेश सचिव मास्टर सुरजवान जी, प्रमुख समाजसेवी श्री राजपाल जी, श्री महिपाल जी तथा श्री विकास जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा सभी उपस्थितजनों ने श्री गुलजार सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# विद्यालय से वंचित बच्चे का स्कूल तक पहुँचना समाज की जिम्मेदारी: सुमन सलूजा

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 03 जुलाई । शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। फिर भी आज हमारे समाज में अनेक बच्चे ऐसे हैं जो किसी न किसी कारण से विद्यालय छोड़ देते हैं, कभी स्कूल का मुँह ही नहीं देख पाते या बीच में ही पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। ऐसे बच्चों को ड्रॉपआउट या विद्यालय से बाहर के बच्चे कहा जाता है। यह केवल एक बच्चे की नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की चिंता का विषय है।

आर्थिक तंगी, पारिवारिक समस्याएँ, बाल श्रम, पलायन, सामाजिक असमानता, बाल विवाह, अभिभावकों की अशिक्षा तथा कई बार पढ़ाई के प्रति जागरूकता की कमी बच्चों के स्कूल छोड़ने के प्रमुख कारण हैं। कुछ बच्चे घरेलू जिम्मेदारियों के कारण शिक्षा से दूर हो जाते हैं, जबकि कुछ बच्चों को उचित मार्गदर्शन और सहयोग नहीं मिल पाता।



एक बच्चे का स्कूल छोड़ना केवल उसकी पढ़ाई का रुक जाना नहीं है, बल्कि उसके सपनों, आत्मविश्वास और भविष्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। शिक्षा से दूर रहने वाला बच्चा शोषण, बाल मजदूरी और सामाजिक पिछड़ेपन का अधिक शिकार हो सकता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, पुस्तकें, वर्दी, मध्यान्ह भोजन तथा छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ-साथ शिक्षकों, अभिभावकों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को भी मिलकर ऐसे बच्चों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें पुनः विद्यालय तक पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।

विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। यदि हम आज एक भी बच्चे को शिक्षा से जुड़ने में सफल होते हैं, तो यह पूरे समाज की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हमारे आसपास कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चे के हाथ में किताब हो, हर चेहरे पर मुस्कान हो और हर सपना शिक्षा के माध्यम से साकार हो। यही एक सशक्त, शिक्षित और विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव है।

## पानीपत में वीबी-ग्रामग अधिनियम 2025 का शुभारंभ, 125 दिन रोजगार की गारंटी पर बलः उपायुक्त

### विकसित भारत-2047 के संकल्प को मजबूती देगा वीबी-ग्रामजी अभियान

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 03 जुलाई । ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को गति देने के उद्देश्य से लागू किए गए वीबी-ग्राम जी अधिनियम-2025 के तहत गुरुवार को खंड कार्यालय समालखा में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को विस्तार से जानकारी दी गई। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों, पंचायत विभाग के अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।



उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू किया गया वीबी-ग्राम जी अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित अधिकारी योजना के प्रत्येक प्रावधान को गंभीरता से समझें और इसका लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवारों को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। साथ ही दैनिक मजदूरी की निर्धारित दर के अनुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। योजना के माध्यम से ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला परिषद चेयरम पर्सन ज्योति शर्मा ने कहा, वीबी-ग्राम जी अधिनियम केवल रोजगार उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित गांवों की मजबूत नींव है।



## माता लक्ष्मी जी सभी कार्यों में सफलता प्रदान करने की पूरी शक्ति रखती है: बजरंग गर्ग

### अष्ट लक्ष्मी देवी के 8 दिव्य रूपों का प्रतिनिधित्व करती है- बजरंग गर्ग

» हरियाणा, यूटर्न/ 03 जुलाई ।

अग्रोहा धाम में माता महालक्ष्मी जी का महायज्ञ पूजन अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें 1008 पाठ करने के बाद भक्तों द्वारा महायज्ञ में आहुति डाली गई। जिसमें भारी संख्या में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि माता लक्ष्मी जी का हवन करने से धन, समृद्धि और शांति प्राप्त होती है। यह अत्यंत शक्तिशाली और पवित्र अनुष्ठान है जिससे जीवन के आर्थिक संकट दूर होते हैं और इससे व्यापार व उद्योग में सफलता मिलती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि माता लक्ष्मी जी का घर में आगमन से पहले कुछ विशेष शुभ संकेत मिलने लगते हैं जैसे की आर्थिक लाभ, सुख, समृद्धि और भाग्य के उदय का सतूक होता है। घर में अचानक चिड़ियों का आना या उतर दिशा में कबूतर का घोंसला बनाना बहुत ही शुभ माना जाता है। उसके अलावा सुबह-सुबह गाय माता का घर के दरवाजे पर आकर शांत खड़ा होना माता लक्ष्मी जी की कृपा का सीधा शुभ संकेत होता है। माता लक्ष्मी जी का वाहन उल्लू अगर घर के आस-पास या विशेष रूप से शाम के समय दिखाई दे तो यह अचानक धन प्राप्ति का संकेत होता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि माता लक्ष्मी जी सभी कार्यों में सफलता प्रदान करने की पूरी शक्ति रखती है। वे अपने भक्तों को धन, दुढता, ज्ञान और आत्मज्ञान प्रदान करती है। अष्ट लक्ष्मी देवी के 8 दिव्य रूपों का प्रतिनिधित्व करती है जो आदि, धन, धान्य, गज, सन्तान, वीर, विद्या और विजयलक्ष्मी है जिसमें से प्रत्येक धन, ज्ञान, साहस और उबरता जैसे विभिन्न आशीवार्दों का प्रतिनिधित्व करती है। हवन के उपरांत विशाल भंडारा लगाया गया। बजरंग करने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# बीबीएमबी कैम्पस में एटक की जनरल कौंसिल की मीटिंग 5 जुलाई को होगी: दरियाव सिंह कश्यप

**पानीपत, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** भाखड़ा ब्यास इम्पलाईज यूनियन के कार्यालय में पानीपत जिला कार्यकारिणी की मीटिंग बी बी एम बी के वरिष्ठ नेता सतनारायण शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हरियाणा एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष दरियाव सिंह ने कहा कि 5 जुलाई को बी बी एम बी कैम्पस में हरियाणा एटक की जनरल कौंसिल की मीटिंग होगी। उन्होंने कहा कि बैठक को ए आई टी यू सी एटक की राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर एटक के प्रदेश अध्यक्ष पहल सिंह तंवर, प्रांतीय महासचिव अनिल पंवार सहित एटक के प्रदेश स्तरीय नेता सम्बोधित करेंगे। एटक के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने बताया कि केन्द्रीय सरकार की मजदूर,



कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ स्वतंत्र एवं संयुक्त आंदोलन की रुपरेखा बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि चार लेबर कोडस के खिलाफ और कृषि उपज के लाभदायक एम एस पी को लेकर 29 जुलाई को दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में होने वाली राष्ट्रीय कन्वेंशन में हाजरी सुनिश्चित की जायेगी। भाखड़ा ब्यास इम्पलाईज यूनियन के महासचिव जितेश कुमार ने कहा कि बी बी एम बी सहित सार्वजनिक क्षेत्र के नीजिकरण के खिलाफ भी संघर्ष की रुपरेखा बनाई जायेगी। बैठक में हरियाणा एटक की राज्य कमेटी की मीटिंग की तैयारी की समीक्षा भी की गई। बैठक में सतीश पंवार, रणबीर शर्मा, संजय तंवर, जमशेद मलिक कृष्ण कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

# रेड स्क्वेयर मार्केट में संभावित अवैध निर्माण पर जांच की मांग

### डीएसएस-202 एवं 203 में द्वितीय तल निर्माण को लेकर जिला टाउन प्लानर एचएसवीपी को सौंपा शिकायत पत्र

» हरियाणा, यूटर्न/ 03 जुलाई ।

हिसार रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित डीएसएस-202 एवं 203 पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर संभावित अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इस संबंध में हिसार टुडे के संपादक महेश महता ने जिला टाउन प्लानर, एचएसवीपी हिसार को शिकायत पत्र सौंपकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया




है कि डीएसएस-202 एवं 203, जो एमिनेंट मॉल के साइड एवं बैक साइड में केनरा बैंक के सामने स्थित हैं, वहां द्वितीय तल पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार निर्माण कार्य की वैधता तथा स्वीकृत नक्शे के अनुरूप होने को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

महेश महता ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि संबंधित क्षेत्र में भवन निर्माण से जुड़े नक्शा स्वीकृति, निर्माण अनुमति तथा पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार एचएसवीपी के पास है। इस विषय में नगर निगम हिसार के अतिरिक्त आयुक्त सहारण से भी चर्चा की गई, जिन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला एचएसवीपी के अधिकार क्षेत्र में आता है।

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि संबंधित स्थल का शीघ्र निरीक्षण करवाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य स्वीकृत भवन योजना एवं निर्धारित भवन नियमों के अनुसार हो रहा है या नहीं। साथ ही, यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, नियमों का उल्लंघन या अवैध निर्माण पाया जाता है तो संबंधित पक्ष के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नियमानुसार निर्माण व्यवस्था बनाए रखने और जनहित की रक्षा के लिए प्रशासन को इस मामले में शीघ्र संज्ञान लेना चाहिए।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### गद्दा फैक्टरी में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

**लोनी, यूटर्न/ 03 जुलाई।** ट्रोनिका सिटी स्थित गद्दा फैक्टरी में आग लगने से लाखों का सामान जल गया। बृहस्पतिवार रात आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को दी। सूचना पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग लगने के सही कारण का पता लगाया जा रहा है। आग की लपटें उठतीं देख आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर ए-2 में अल्फा चौक के पास एक गद्दा फैक्टरी है। देर रात अचानक फैक्टरी में आग लग गई। फैक्टरी से आग की लपटें निकलने लगीं। सूचना मिलते ही ट्रोनिका सिटी फायर स्टेशन से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। तब तक फैक्टरी का अधिकांश हिस्सा आग की चपेट में आ चुका था। फैक्टरी में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामान होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी। आग की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त दमकल टीमें बुलाकर आग बुझानी शुरू की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दमकल टीम ने पुलिस के साथ आसपास की फैक्टरी को भी खाली कर लिया है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### दरवाजे की घंटी बजाने पर डिलीवरी बॉय को पीटा

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 03 जुलाई।** अहिंसा खंड स्थित एक सोसायटी में जब डिलीवरी बॉय ने दरवाजे की घंटी बजाई तब दंपति ने उसकी पिटाई कर दी। मामला दो जुलाई का है। हालांकि दंपती ने पुलिस से शिकायत होने पर माफी मांगी और समझौता किया। कनावनी निवासी धीरज डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि अहिंसाखंड स्थित सोसायटी में वह पैकेज डिलीवरी करने गए थे। जब उन्होंने फ्लैट की घंटी बजाई तभी एक महिला ने दरवाजा खोला। उ

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई।** प्रताप विहार स्थित डीपीएस स्कूल से पिंक बूथ जाने वाले मार्ग पर बुधवार देर रात अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। विजयनगर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क पर हुए हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि प्रताप विहार सेक्टर-9 स्थित के-77 निवासी शशांक वर्मा रात करीब पौने 12 बजे बाइक से दिल्ली में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे।

# दिल्ली में बनेगा सीबीआरएन कमांड सेंटर


» **दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई।**

राजधानी दिल्ली को परमाणु, जैविक और रासायनिक आपदाओं से बचाने के लिए दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। कनॉट प्लेस स्थित मौजूदा फायर मुख्यालय की जगह नया अत्याधुनिक मुख्यालय बनेगा।

मुख्यालय के भूमिगत हिस्से में भारत का पहला रेडिएशन-शील्डेड (सीबीआरएन) कमांड सेंटर स्थापित होगा। परियोजना का टेंडर जारी हो चुका है और अगले पांच वर्ष में काम पूरा होगा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अभिलाष मलिक के अनुसार, सीबीआरएन सेंटर सामान्य कंट्रोल रूम से अलग होगा। इसे विशेष तकनीक से जमीन के नीचे इस तरह बनाया जाएगा कि बाहरी परमाणु विकिरण या जहरीली गैस अंदर नहीं आ सकेगी। परमाणु हमले या रेडियोलॉजिकल रिसाव के दौरान भी यहां से अधिकारी और वैज्ञानिक सुरक्षित रहकर पूरे शहर में राहत-बचाव का संचालन कर सकेंगे। यह सेंटर नेहरू प्लेस, लक्ष्मी नगर और रोहिणी के तीन आपदा केंद्रों और डीएफएस सर्च एंड रेस्क्यू बटालियन को सीधे निर्देश देगा।

**इस्राइल, अमेरिका और रूस में बने हैं सेंटर :** सीबीआरएन यानी रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु कमांड सेंटर अमेरिका, इस्राइल और रूस जैसे देशों में पहले से हैं। अमेरिका का माउंट वेदर और रूस का कोविंस्की कामेन बंकर इसी तरह के हैं। दिल्ली का यह सेंटर भारत को सीबीआरएन आपदा प्रबंधन में अग्रणी देशों की कतार में ला देगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, बदलते भू-राजनीतिक हालात और शहरी आतंकवाद के खतरे को देखते हुए ऐसे सेंटर अब बड़े शहरों की जरूरत बन गए हैं।



### एआई आधारित सेंट्रल कमांड रूम भी बनेगा

यह परियोजना डीएफएस के 25-वर्षीय आधुनिकीकरण रोडमैप का हिस्सा है। अगले एक साल में एआई आधारित सेंट्रलाइज्ड कमांड रूम भी बनेगा। एआई सिस्टम ट्रैफिक, कॉल पैटर्न और मौसम का विश्लेषण कर आग लगने की आशंका पहले ही बता देगा, जिससे रिस्पॉन्स टाइम घटेगा। साथ ही दिल्ली के पांच ऑपरेशनल जोन-उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य में अलग कमांड सेंटर विकसित होंगे।

# ई-रिक्शा में लगी डिजिटल सेंध, चलते-चलते हो रहे हैं बंद, दिल्ली में सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई।**

राजधानी दिल्ली की सड़कों पर इन दिनों ई-रिक्शा चालकों के साथ अजीबोगरीब और खतरनाक खेल खेला जा रहा है। कुछ मनचले और शरारती तत्व राह चलते ई-रिक्शा को एक मोबाइल एप के जरिये अचानक बंद कर रहे हैं। बीच सड़क पर अचानक वाहन बंद होने से चालक जहां परेशान हो रहे हैं, वहीं हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है।

सोशल मीडिया पर बीते एक-दो दिनों से ऐसे वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें कार सवार या बाइक पर बैठे लोग ई-रिक्शा रोक देते हैं फिर इसे प्रैंक यानी मजाक का नाम दे रहे हैं। दिल्ली के जहांगीरपुरी, संगम विहार, बदरपुर बॉर्डर, नई दिल्ली और पहाड़गंज जैसे व्यस्त इलाकों में अचानक से ई-रिक्शा बंद होने की घटना देखी जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ई-रिक्शा एसेंबल करने वाले इस एप का करते हैं इस्तेमाल। आम लोगों को इसका पता चलने पर बढ़ा खतरा जहांगीरपुरी के रहने वाले सोहन कुमार ने बताया कि उनके भाई कुणाल कुमार ई-रिक्शा चलाते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर सवारी लेकर जाते समय अचानक उनका रिक्शा बीच सड़क पर बंद हो गया। कुछ समझ में नहीं आया कि बैटरी पूरी चार्ज फिर ऐसा कैसे हुआ। सराय काले खां में रहने वाले ऑटो चालक महमूद का भी रिक्शा ऐसे ही बंद हो गया।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक, बैट-बीएमएस नाम का चीनी एप है। तकनीकी रूप से यह बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम एप है। साइबर एक्सपर्ट सत्यम रस्तोगी ने इसे ई रिक्शा एसेंबल करने वाली कंपनियां तकनीकी जांच के लिए इस्तेमाल करती हैं।

इसमें ऑन, ऑफ और रिस्टार्ट के ऑप्शन होते हैं। इसका पता आम लोगों के चल गया जिससे यह दिक्कत हो रही है। दरअसल ब्लूटूथ वाली लिथियम-आयन बैटरी की निगरानी के लिए इसे डिजाइन किया गया है। यह एप बैटरी का चार्ज, वोल्टेज, तापमान और सेहत जैसी जानकारियां भी दिखाता है। यह ब्लूटूथ लो एनर्जी (बीएलई) तकनीक पर काम करता है और इसकी रेंज 15 मीटर तक होती है।

**क्या सभी ई-रिक्शा पर है खतरा**

यह ऐप हर ई-रिक्शा को बंद नहीं कर सकता। यह केवल उन्हीं ई-रिक्शा पर काम करता है जिनमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी वाली चीनी लिथियम बैटरी लगी है और जिसका ब्लूटूथ खुला हुआ है।

जिन ई-रिक्शा में पारंपरिक लेड-एसिड (तेजाब वाली) बैटरी का इस्तेमाल होता है, उन्हें इस ऐप से न तो बंद किया जा सकता है और न ही चालू। जानकारों का कहना है कि चालकों को बैटरी का ब्लूटूथ पासवर्ड बदल लेना चाहिए या मिस्त्री से कहकर इसे पूरी तरह डिसेबल (बंद) करवा देना चाहिए, ताकि वे इस मानसिक उत्पीड़न और हादसे से बच सकते हैं।

**यह केवल मजाक नहीं, गंभीर खतरा:** यदि चलता हुआ वाहन अचानक बंद हो जाए तो पीछे से आ रही गाड़ी टक्कर मार सकती है यात्री गिर सकते हैं, चालक नियंत्रण खो सकता है।

### किशोर की हत्या में फरार दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 03 जुलाई।** बॉर्डर थाना क्षेत्र के बंथला नहर रोड के पास बाइक कार से टकराने पर किशोर की पीटकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्य ने कहा कि 29 जून को हुई जैद उर्फ शारिक की हत्या के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी अनुज (31 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई, कार भी बरामद कर ली है। मुख्य आरोपी राहुल मावी उर्फ पहलवान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। इंद्रप्रस्थ गैस प्लांट चौराहे के पास जैद की मोटरसाइकिल आरोपियों की कार से टकरा गई थी। कार क्षतिग्रस्त होने पर आरोपी राहुल और अनुज, जैद को अपने ऑफिस ले गए थे। किशोर को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जैद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### मामा से मिलने आए भांजे की कार चोरी

**कौशांबी।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला स्थित अघरौल निवासी गौरव कुमार की कार होटल के बाहर से चोरी हो गई। वह कौशांबी थानाक्षेत्र के वैशाली सेक्टर एक में अपने मामा से मिलने आए थे। मामला 25 जून की सुबह का है। शिकायत मिलने के सात दिन बाद पुलिस ने दो जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में गौरव ने बताया कि उन्होंने अपनी कार 25 जून की सुबह सेक्टर एक स्थित होटल के बाहर खड़ी कर दी थी। जब वह सोकर उठे और बाहर आए तब तक गाड़ी चोरी हो चुकी थी।

# अवैध फैक्टरियों में वैध मिलते हैं विद्युत कनेक्शन

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई**

औद्योगिक इकाइयों के संचालन को लेकर ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अकेले लोनी की करीब 300 से अधिक अवैध फैक्टरियों को बिना संबंधित विभागों की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और आवश्यक जांच-पड़ताल के ही विद्युत कनेक्शन जारी कर दिए गए। आरोप यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जिन फैक्टरियों का विद्युत कनेक्शन पूर्व में कटवा दिया, ऊर्जा निगम की ओर से दूसरी तो क्या तीसरी बार भी वहां नया कनेक्शन दे दिया गया।

ऐसे कई मामले लोनी के आर्य नगर और लक्ष्मी गार्डन कालोनी में सामने आए हैं। यहां कार्बन फैक्टरी में और ढलाई का अवैध काम किया जा रहा था। पीसीबी अधिकारियों का कहना है कि



यहां आवासीय इमारत में संचालित हो रही फैक्टरियों को बिना किसी पड़ताल के व्यावसायिक विद्युत कनेक्शन दे दिया गया। हैरत की बात यह है कि ऊर्जा निगम ने यह कनेक्शन बिना किसी अन्य विभाग के एनओसी के दे दिए थे जो बाद में कटवाए गए।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर इन अवैध इकाइयों का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान कई फैक्टरियों के बिजली कनेक्शन भी कटवाए गए, लेकिन आरोप है कि बाद में ऊर्जा निगम ने उन्हीं इकाइयों को दोबारा नए विद्युत कनेक्शन जारी कर दिए। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई गई, जिससे विभागीय जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। आर्य नगर स्थित कार्बन फैक्टरी का विद्युत कनेक्शन दिसंबर के अंत में काट दिया गया लेकिन जून में जब दोबारा निरीक्षण हुआ तो यहां दोबारा से बिजली आपूर्ति होती हुई पाई गई, बाद में 4 जून को इसका कनेक्शन दोबारा काटा गया। लोनी के लक्ष्मी गार्डन गली नंबर तीन में हामिद के नाम से कनेक्शन दिया गया था, यहां भी जनवरी के पहले सप्ताह में कनेक्शन काटा गया लेकिन जून में दोबारा यहां बिजली जुड़ी हुई पाई गई। ऐसे एक, दो नहीं बल्कि लोनी के लक्ष्मीगार्डन, बेहटा हाजीपुर और आर्यनगर में कई मामले सामने आए। इसके बाद ही ऊर्जा निगम को स्पष्ट किया गया कि वह किसी भी औद्योगिक इकाई को कनेक्शन देने से पहले पीसीबी की एनओसी अवश्य मांगेंगे। सहायक पर्यावरण अभियंता एसपी सिंह ने बताया कि बीते चार माह में लोनी में 300 से अधिक अवैध फैक्टरियों को सील किया जा चुका है। सभी अवैध तौर पर आवासीय इलाकों में संचालित की जा रही थीं और हवा से लेकर पानी तक दूषित कर रही थीं। सभी फैक्टरियों में विद्युत कनेक्शन पाए गए।

### 18 हजार छात्रों की छूटी परीक्षा, पहले दिन ही सर्वर ठप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से सभी संबद्ध कॉलेजों में आयोजित दो दिवसीय एआई फॉर ऑल की ऑनलाइन आंतरिक परीक्षा पहले ही दिन फेल हो गई।

सर्वर ठप होने से जिले के करीब 18 हजार छात्र परीक्षा नहीं दे सके। सुबह से निर्धारित समय पर छात्र कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठे रहे, लेकिन परीक्षा पोर्टल बार-बार हैंग होता रहा। लॉगिन तक नहीं हो सका। विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को तय कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा कराने के निर्देश दिए थे।

परीक्षा शुरू होते ही सर्वर पर लोड बढ़ा और पूरा सिस्टम जवाब दे गया। कई कॉलेजों में छात्र बार-बार लॉगिन का प्रयास करते रहे, लेकिन पोर्टल पर एरर और 502 बैड गेटवे का मैसेज दिखाई देता रहा। तकनीकी समस्या के चलते परीक्षा पूरे दिन शुरू नहीं हो सकी। सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब एक सवा घंटे पोर्टल चला, जिसमें कुछ छात्र परीक्षा दे पाए। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर करीब 50 हजार छात्रों को परीक्षा देनी थी, लेकिन जैसे ही 15 से 20 हजार छात्रों ने एक साथ लॉगिन किया तो सर्वर ठप हो गया। एमएमएच कॉलेज के छात्रों ने बताया कि परीक्षा को लेकर पहले से तैयारी की थी और समय पर स्क्रीन के सामने बैठ गए थे, लेकिन विश्वविद्यालय की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा। कई छात्र घंटों इंतजार के बाद मायूस होकर कंप्यूटर बंद कर चले गए। उनका कहना है कि यदि विश्वविद्यालय ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर रहा है तो पहले सर्वर और तकनीकी व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए था।

# अदाणी ग्रुप निवेशकों को आकर्षित करने में रहा सफल, एईएल क्यूआईपी की मांग 38,000 करोड़ रुपए रही

» **अहमदाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई**

अदाणी ग्रुप वैश्विक संस्थागत निवेशकों और भारत के बड़े म्यूचुअल फंड्स को आकर्षित करने में सफल रहा है और यह ग्रुप को लेकर निवेशकों के सेंटीमेंट में स्पष्ट बदलाव को दिखाता है।

अदाणी ग्रुप की मुख्य कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एआईएल) बीते एक वर्ष में निवेशकों से फ्रैश इक्विटी के जरिए करीब 40,000 करोड़ रुपए जुटाने सफल रही है। वहीं, कई बड़े वैश्विक और घरेलू निवशकों ने समूह की कई सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी को बढ़ाया है।




अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने इस हफ्ते अपने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) का साइज बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपए कर दिया था। कंपनी को इसके लिए लगभग 38,000 करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं, जो बेस इश्यू साइज का 3.8 गुना है। यह फंड जुटाने की प्रक्रिया कंपनी के 25,000 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू के एक साल से भी कम समय में हुई है, जिससे पिछले एक साल में जुटाई गई कुल इक्विटी कैपिटल लगभग 40,000 करोड़ रुपए हो गई है।

ताजा फंड जुटाने की प्रक्रिया में कई बड़े संस्थागत निवशकों ने भाग लिया, जिनमें कैपिटल ग्रुप, गोल्डमैन सैश, ब्लैकरॉक, ब्लैकस्टोन और नोमुरा शामिल हैं। घरेलू स्तर पर भी बड़ी संख्या में निवेशकों ने भाग लिया। इसमें एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड, आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड और टाटा म्यूचुअल फंड शामिल थे।

इस डील से जुड़े लोगों ने बताया कि इश्यू के औपचारिक रूप से खुलने से पहले ही ऑर्डर बुक पूरी तरह भर गई थी। बैंकरों का कहना था कि निवेशक शेयर पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। कंपनी ने पहले 10,000 करोड़ रुपए के बेस साइज के साथ क्यूआईपी लॉन्च किया था, लेकिन जबरदस्त मांग को देखते हुए इसे बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपए कर दिया। फंड जुटाने की यह प्रक्रिया अदाणी ग्रुप के प्रति निवेशकों की सोच में आए बड़े बदलाव का ताजा संकेत है।

## एसबीआई रिसर्च: तेल की पकड़ से निकला भारत, अर्थव्यवस्था ने पकड़ी नई रफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी लचीली क्षमता का प्रदर्शन कर रही है। इसका एक बड़ा कारण तेल पर देश की घटती निर्भरता है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते दशक में तेल की खपत और कच्चे तेल के आयात, दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे देश को अप्रत्याशित वैश्विक झटकों का सामना करने में मदद मिल रही है। रिपोर्ट बताती है कि वित्त वर्ष 2014 में देश की तेल खपत जीडीपी का 1.4 फीसदी थी, जो वित्त वर्ष 2026 तक घटकर सिर्फ 0.7 फीसदी रह गई है। विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलने वाला बढ़ावा इस ट्रेंड को और गति प्रदान करेगा, जिससे तेल आयात बिल में सालाना भारी बचत की संभावना है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के आंकड़े दशार्ते हैं कि वित्त वर्ष 2014 की दूसरी तिमाही में कच्चे तेल का आयात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 8.6 फीसदी था, जो वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही तक गिरकर 3.1 फीसदी पर आ गया है। यह कमी कई नीतिगत और ढांचागत परिवर्तनों का परिणाम है। ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल पंपों की जगह सौर ऊर्जा चालित पंपों का बढ़ता उपयोग, शहरीकरण के साथ मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, उद्योगों में सौर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या जैसे कारक तेल की खपत को कम करने में सहायक सिद्ध हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 19 पैसे मजबूत होकर 95.16 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 03 जुलाई।** रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में 19 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.16 पर पहुंच गया। डॉलर सूचकांक के पिछले 15 महीनों के उच्च स्तर से नीचे आने से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर सूचकांक में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग के कारण रुपये पर दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.20 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.16 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 19 पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया गुरुवार को 19 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.35 पर बंद हुआ था।इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 100.81 पर रहा जो हाल के 15 महीनों के उच्च स्तर 101.6 से नीचे है।

### जापान से भारत में बड़े निवेश की उम्मीद, ताकाइची के साथ आईं 150 कंपनियां

**टोक्यो, यूटर्न/ 03 जुलाई।** जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची का तीन-दिवसीय भारत दौरा शुरू हो गया है। इस दौरान, जापानी कंपनियां भारत में करीब 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 2 ट्रिलियन जापानी येन) के निवेश की घोषणा कर सकती हैं। यह निवेश जापान-भारत आर्थिक मंच का हिस्सा है, जिसमें 150 से अधिक जापानी कंपनियां भाग ले रही हैं। यह पिछले वर्ष की उस घोषणा के अनुरूप है जिसमें जापान सरकार ने एक दशक में भारत में 10 ट्रिलियन जापानी येन का निजी निवेश लाने में सहायता का संकल्प लिया था।

एक्स पर पोस्ट में, उप मुख्य कैबिनेट सचिव मासानाओ ओजाकी ने बताया कि इन निवेशों का उद्देश्य भारत में जापानी कंपनियों की उपस्थिति को मजबूत करना है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत और जापान ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मिलकर भंडार एकत्र करने की पहल पर विचार कर सकते है। इसके अतिरिक्त, रक्षा सहयोग को भी महत्वपूर्ण प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। भारत की मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ताकाइची हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी इंडिया के नए विनिर्माण संयंत्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने वाले है। यह भारत में मारुति का चौथा संयंत्र है और इसकी कुल लागत करीब 35,000 करोड़ रुपये है। इसके पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में अपनी जापानी समकक्ष ताकाइची से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का स्वागत किया और ताकाइची ने भारत व जापान के राष्ट्रीय ध्वजों के सामने सम्मान प्रकट किया।

# महाराष्ट्र को बायोप्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी, 25000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य




» **मुंबई, यूटर्न/ 03 जुलाई।**

प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगाने और महाराष्ट्र को हरित विनिर्माण (ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग) का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महायुति सरकार ने 'महाराष्ट्र बायोप्लास्टिक्स पॉलिसी-2026' को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत बायोप्लास्टिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन (इंसेंटिव) और विशेष वित्तीय सहायता का व्यापक पैकेज उपलब्ध कराया जाएगा।

यह नीति वर्ष 2026 से 2031 तक प्रभावी रहेगी। सरकार का लक्ष्य महाराष्ट्र को बायोप्लास्टिक्स के उत्पादन, अनुसंधान, नवाचार और निर्यात का राष्ट्रीय केंद्र बनाना है। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से 25,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा, 1.31 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे और 30,039 करोड़ रुपये के राजस्व का सृजन होगा।

नीति के तहत प्रतिवर्ष 2 लाख टन पीएलए (पॉलीलैक्टिक एसिड) और अन्य बायोपॉलिमर उत्पादन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही राज्य की आयातित पीएलए पर निर्भरता में 50 प्रतिशत की कमी लाने की योजना है।

सरकार ने चुनिंदा क्षेत्रों में सिंगल-यूज प्लास्टिक के 30 प्रतिशत उपयोग को कम्पोस्टेबल विकल्पों से बदलने, 1 अरब डॉलर के निर्यात और 1 लाख किसानों को बायोप्लास्टिक्स वैल्यू चेन से जोड़ने का भी लक्ष्य निर्धारित किया है।

राज्य मंत्रिमंडल ने इस नीति के लिए 10,892 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय को मंजूरी दी है। इसमें पहले पांच वर्षों के दौरान 782 करोड़ रुपये तथा अगले 20 वर्षों में 10,110 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, वर्ष 2026-27 के लिए पैकेज स्कीम ऑफ इंसेंटिव्स के तहत 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, पारंपरिक प्लास्टिक कचरे, माइक्रोप्लास्टिक्स, समुद्री प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर जैव-आधारित और जैव-अपघटनीय (बायोडिग्रेडेबल) विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए इस नीति की जरूरत महसूस की गई। वैश्विक स्तर पर बायोप्लास्टिक्स बाजार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन भारत की हिस्सेदारी अभी केवल 0.46 प्रतिशत है और देश अब भी पॉलीलैक्टिक एसिड (पीएलए) जैसे प्रमुख बायोपॉलिमर के आयात पर काफी हद तक निर्भर है। महाराष्ट्र गन्ना, चीनी और एथेनॉल उत्पादन में अग्रणी राज्यों में शामिल है, जिससे मक्का, बैगास और शीरे जैसे कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके अलावा राज्य का मजबूत रासायनिक उद्योग, प्रमुख अनुसंधान संस्थान और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) के नेतृत्व वाला लॉजिस्टिक्स नेटवर्क इसे बायोप्लास्टिक्स उद्योग के लिए अनुकूल बनाता है। वर्ष 2022-23 के दौरान महाराष्ट्र में करीब 3.96 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ था, जिसने इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता को और बढ़ा दिया। नई नीति में कच्चे माल के प्रसंस्करण से लेकर पीएलए, पीएचए, पीबीएस और अन्य बायोपॉलिमर के उत्पादन, कंपाउंडिंग, तैयार उत्पादों के निर्माण, परीक्षण प्रयोगशालाओं, कम्पोस्टिंग और प्रमाणन सेवाओं तक पूरी वैल्यू चेन को शामिल किया गया है।

## अदाणी एंटरप्राइजेज ने 150 अरब जुटाए, क्यूआईपी का आकार बढ़ाया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई।**

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपनी संस्थागत निवेशकों के लिए शेयर बिक्री (क्यूआईपी) के जरिए 150 अरब रुपये (लगभग 1.6 अरब डॉलर) सफलतापूर्वक जुटाए हैं। कंपनी ने वैश्विक और घरेलू फंड्स से मिली जबरदस्त मांग को देखते हुए अपनी इस शेयर बिक्री का आकार शुरूआती 100 अरब रुपये से बढ़ाकर 150 अरब रुपये कर दिया। यह ऑफर 1.5 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है। कंपनी ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के माध्यम से यह फंड जुटाया, जो लिस्टेड कंपनियों के लिए आम निवेशकों के बजाय सीधे बड़े संस्थागत निवेशकों को शेयर जारी करने का एक तरीका है। ब्लूमबर्ग द्वारा देखी गई डील की शर्तों के अनुसार, यह ऑफर शुक्रवार को 1.5 गुना सब्सक्राइब किया गया। निवेशकों में दुनिया की कुछ सबसे बड़ी इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कंपनियां जैसे द कैपिटल ग्रुप, गोल्डमैन सैक्स ग्रुप, वैनगार्ड ग्रुप और ब्लैकरॉक शामिल थीं। वहीं, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट और एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट जैसी प्रमुख घरेलू म्यूचुअल फंड कंपनियों ने भी इसमें जोरदार हिस्सेदारी ली। डील की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार, लॉन्च से पहले ही ऑर्डर बुक पूरी तरह भर गई थी, जिसके चलते इन्वेस्टर रोडशो सहित पूरी डील मात्र 48 घंटे के अंदर पूरी हो सकी। इस मांग में मुख्य रूप से घरेलू संस्थागत निवेशकों का दबदबा रहा, जिनका सब्सक्रिप्शन में लगभग 65% हिस्सा था, जबकि बाकी 35% हिस्सा वैश्विक निवेशकों का था।

# एचसीएल टेक को यूरोप की फॉर्च्यून ग्लोबल 50 फर्म से 1.14 अरब डॉलर की एआई डील मिली

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई।**

देश की दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज (एचसीएलटेक) ने शुक्रवार को कहा कि उसने यूरोप की एक फॉर्च्यून ग्लोबल 50 फर्म से ग्राहकों के ग्लोबल डिजिटल वर्कप्लेस और एंटरप्राइज नेटवर्क को बदलने और मैनेज करने के लिए एआई-आधारित ऑपरेटिंग मॉडल स्थापित करने के लिए डील साइन की है और इसकी वैल्यू 1.14 अरब डॉलर है।

आईटी कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि इस समझौते की शुरूआती अवधि जुलाई से दिसंबर 2031 तक है और इसे और पांच साल के लिए बढ़ाने का विकल्प भी है। शुरूआती अवधि के दौरान इसकी अनुमानित




कीमत 1.14 अरब डॉलर है। फाइलिंग में कंपनी ने आगे कहा कि यह डील पूरी तरह से नया बिजनेस है और उम्मीद है कि इससे कंपनी की ऑर्डर बुक मजबूत होगी।

इस पार्टनरशिप के तहत, एचसीएल टेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके कस्टमर के ग्लोबल डिजिटल वर्कप्लेस और एंटरप्राइज नेटवर्क ऑपरेशन्स को आधुनिक बनाएगी और उसका प्रबंधन करेगी।

हाल के महीनों में कई पार्टनरशिप, अधिग्रहण और निवेश की घोषणाओं के बाद, यह डील एचसीएल टेक की एआई रणनीति में एक और अहम पड़ाव है।

जून में, कंपनी ने आईटी सेवाओं को एक साथ लाने और एआई-आधारित ऑपरेशनल बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए एक रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के साथ लंबे समय का स्ट्रैटेजिक एग्रीमेंट किया।

कंपनी ने एआई-आधारित आरऐप्स का इस्तेमाल करके ऑटोनॉमस टेलीकॉम नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन को तेज करने के लिए नोकिया के साथ पार्टनरशिप की और एआई-पावर्ड टेलीकॉम सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन विकसित करने के लिए सर्कल्स और ग्रेस्काईज के साथ मिलकर काम किया।

इसके अलावा, एचसीएलटेक ने क्लाउड सॉफ्टवेयर ग्रुप से बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म जैस्परसॉफ्ट को खरीदने की प्रक्रिया पूरी की और सॉवरेन एआई स्टार्टअप सर्वम एआई के 234 मिलियन डॉलर के सीरीज बी फंडिंग राउंड में निवेश किया।

इस ऐलान के बाद एचसीएल के शेयर में तेजी देखने को मिली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) कंपनी का शेयर दोपहर 12 बजे 6.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,145.70 रुपए पर था। इससे पहले बीते एक साल में कंपनी का शेयर 30 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### खराब खानपान से बढ़ रहे पथरी के मरीज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** अनियमित जीवनशैली और खराब खानपान के कारण पथरी (किडनी स्टोन) के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीके अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। बीके अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मोहित अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में रोजाना पेट संबंधी समस्याओं से पीड़ित करीब 60 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या किडनी और मूत्र मार्ग की पथरी से प्रभावित मरीजों की है। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 12 मरीजों के पथरी के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। पिछले कुछ समय में ऐसे मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना, अधिक नमक और मसालेदार भोजन का सेवन, फास्ट फूड की बढ़ती आदत और गर्मी और उमस के मौसम में शरीर में पानी की कमी पथरी बनने के प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा शारीरिक गतिविधियों की कमी भी इस समस्या को बढ़ा रही है। चिकित्सकों ने लोगों को प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, संतुलित आहार और ताजा फल-सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी है। साथ ही पेट, कमर या पेशाब के दौरान तेज दर्द, जलन या खून आने जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है। उनका कहना है कि शुरुआती अवस्था में जांच और उपचार कराने से ऑपरेशन की आवश्यकता कई मामलों में टाली जा सकती है।

### पीजी और गेस्ट हाउस की सीलिंग मामले में मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** डीएलएफ क्षेत्र में अवैध रूप से पीजी व गेस्ट हाउस में सीलिंग व तोड़फोड़ को लेकर पांच लोगों का प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर पीजी व गेस्ट हाउस में सीलिंग व तोड़फोड़ न करने की मांग रखी है। डीएलएफ क्षेत्र स्थित पीजी व गेस्ट हाउस के संचालकों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस मामले में कुछ राहत दिलवा सकते हैं। बता दें कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई अमित मधोलिया ने डीएलएफ फेज-1 से फेज-5 तक अवैध रूप से संचालित पीजी व गेस्ट हाउस को सीलिंग व तोड़फोड़ संबंधी नोटिस जारी किए थे। 30 जून तक खाली करने का समय भी दिया गया था।

## साझीदार बनाने का झांसा देकर पिता-पुत्र से 76.37 लाख की ठगी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**




राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसायटी में रहने वाले पिता-पुत्र से कंपनी में पार्टनरशिप के नाम पर 76.37 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप दिल्ली की बिल्डर कंपनी के संचालक क्षितिज जौहरी पर है। कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग केस दर्ज किए गए हैं।

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि कपलेश्वर त्यागी ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया है। शिकायत के मुताबिक, 2013 में क्षितिज जौहरी ने ब्लूमून सोसायटी के टावर बी, सी और डी के निर्माण में साझेदारी और मुनाफे का लालच देकर 20.50 लाख रुपये लिए। 15 लाख रुपये एक साल में लौटाने और मुनाफे में हिस्सा देने का भरोसा दिया था। समय पूरा होने पर रुपये मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। बाद में रुपये देने से इन्कार कर गाली-गलौज की और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस से कार्रवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लिया।

वहीं अश्वनी त्यागी ने बताया कि 2013 में वीवीआईपी एड्रेसेज सोसायटी के टावर-वी का निर्माण ठेका दिल्ली आनंद विहार के सूरजमल विहार निवासी क्षितिज जौहरी की फर्म को मिला था। आरोपी ने 60-40 प्रतिशत साझेदारी का प्रस्ताव देकर 25 लाख निवेश कराए। निर्माण के दौरान लेबर ठेकेदारों और सप्लायरों का भुगतान भी कराया। इस तरह करीब 30.87 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान उन्होंने किया। कुल 55.87 लाख बकाया हो गए। अश्वनी के मुताबिक, 2013 में एमओयू और 2015-2016 में आरोपी ने लेटरहेड पर लिखित पत्र भी दिए थे। लंबे समय तक मुनाफे का हिस्सा मांगने पर आरोपी बहाने बनाता रहा। 27 जनवरी 2026 को मिलने पर रुपये मांगने पर इन्कार कर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस कार्रवाई न होने पर कोर्ट गए।

एसीपी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दो केस दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी ईमेल भेज कारोबारी से 23.90 लाख रुपये ठगे




» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई**

साहिबाबाद स्थित पैकेजिंग सामग्री बनाने वाली कंपनी से साइबर ठगों ने फर्जी ई-मेल के जरिये 23.90 लाख रुपये ठग लिए। शातिरों ने दक्षिण कोरिया की सप्लायर कंपनी के नाम से फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर प्रोफार्मा इनवॉइस तैयार कर कंपनी को झांसे में लेकर ठगी की। ठगी का पता चलने पर मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

शिकायत में साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-चार स्थित पहाड़पुर थ्री-पी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष जैन ने बताया कि उनकी कंपनी पिछले करीब दस साल से दक्षिण कोरिया की फिल्मैक्स कॉर्पोरेशन से सीपीपी फिल्म खरीदती आ रही है। मार्च 2026 में नई खरीद के लिए कंपनी ने सप्लायर के अधिकृत ई-मेल पर कोटेशन मांगा। 30 मार्च को असली ई-मेल से कोटेशन मिलने के कुछ समय बाद ही सप्लायर कंपनी की असली ई-मेल से मिलती-जुलती ई-मेल से भी बिल्कुल समान कोटेशन भेजा गया।

माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक में दोनों ई-मेल का डिस्प्ले नेम एक जैसा दिखाई देने के कारण कंपनी को शक नहीं हुई। इसके बाद उसी फर्जी ई-मेल आईडी से कंपनी के अधिकारियों से संपर्क किया जाता रहा। ई-मेल में सप्लायर कंपनी के कर्मचारियों के नाम और पुराने संवाद की शैली अपनाई गई, जिससे सब असल प्रतीत हो रहा।

बातचीत के दौरान शातिरों ने 13 मई 2026 को असलीनुमा प्रोफार्मा इनवॉइस की तर्ज पर एक फर्जी प्रोफार्मा इनवॉइस भेजा। इसमें केवल बैंक खाते की जानकारी बदल दी गई थी। आशीष जैन का कहना है कि कंपनी ने भरोसा करते हुए दो जून 2026 और 16 जून 2026 को कुल 23.90 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में वास्तविक सप्लायर से संपर्क होने पर बैंक खाते और ई-मेल आईडी में अंतर का पता चला। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## एसडीएम स्टेनो के दफ्तर में लेखपाल और किसान में हाथापाई

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**



कविनगर क्षेत्र में एसडीएम स्टेनो के कार्यालय में 29 जून को नक्शा रिपोर्ट को लेकर लेखपाल और एक किसान के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी के आरोप लगाते हुए कविनगर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लेखपाल सिद्धार्थ कौशिक ने एक जुलाई को हर्ष शर्मा और 25-30 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 29 जून को वह एसडीएम न्यायालय में दस्तावेज जमा करने गए थे। इसी दौरान स्टेनो सुमित का कॉल आया। दस्तावेज जमा कर वह उनके कार्यालय पहुंचे और बैठ गए। कुछ देर बाद हर्ष शर्मा 25-30 वकीलों के साथ आए और गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उनकी शर्ट फट गई और चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें थाने ले गई। दुहाई निवासी हर्ष शर्मा ने लेखपाल सिद्धार्थ कौशिक के खिलाफ केस दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पिता की अधिग्रहित भूमि के गलत हिस्से प्रमाणपत्र को लेकर आरटीआई डाली थी। लेखपाल से खातेदारों के पुराने हिस्से प्रमाणपत्र की सूचना मांगी, लेकिन सही जवाब नहीं मिला। प्रथम अपील दाखिल की। 29 जून को पता चला कि लेखपाल एसडीएम कार्यालय में हैं। वह बात करने पहुंचे तो लेखपाल ने गाली-गलौज और मारपीट की। झूठे केस में फंसाने और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

## किशोरी से अश्लील हरकत में चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के आरोप में डॉ. आनंद दीपक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच का आदेश पॉक्सो कोर्ट ने दिया है। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति ने अदालत में दी अर्जी में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी डॉ. दीपक के घर झाड़ू-पोंछा का काम करती थी। साथ ही उनके छोटे बच्चे की देखभाल भी करती थी। आरोप है कि इस दौरान चिकित्सक ने कई बार किशोरी के साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इससे वह डरी सहमी रहने लगी। काफी पूछताछ के बाद उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिवार ने उसे काम पर भेजना बंद कर दिया। आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर ने किशोरी पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर पुलिस चौकी बुलवा लिया। वहां पीड़िता और उसके परिजनों के साथ पिटाई किए जाने का भी आरोप लगाया गया। वादी का कहना है कि मामले की शिकायत थाना पुलिस समेत पुलिस के आला अधिकारियों से की गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उल्टा समझौते का दबाव बनाया गया। कार्रवाई न होने पर वादी ने अदालत की शरण ली। सुनवाई के बाद अदालत ने माना कि प्रथम दृष्टया मामला संज्ञेय अपराध का बनता है।

## पार्टी के बहाने युवक की चाकू मारकर हत्या

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई**

शांतिनगर कॉलोनी में जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक खुद को बचाने के लिए मौके से भागा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा कर सड़क पर गिरा दिया और उस पर ताबड़तोड़ कई वार किए। वारदात शांतिनगर कॉलोनी में बुधवार देर रात करीब दो बजे हुई। परिजनों का कहना है कि मुख्य आरोपी ने कुछ समय पहले हुए विवाद के बाद युवक को 15 दिन के भीतर जान से मारने की धमकी दी थी।

घटना के विरोध में बृहस्पतिवार सुबह गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने विजयनगर बाईपास के पास हाईवे जाम कर दिया। करीब 35 मिनट तक चले हंगामे के बाद पुलिस के समझाने पर लोग वहां से हटे। इसके बाद कुछ लोगों ने एक आरोपी के घर में तोड़फोड़ की और किरायेदारों से मकान खाली करा दिया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मकान को सील कर दिया है।

एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की शांतिनगर कॉलोनी निवासी मोहित शर्मा (22) को कॉलोनी में ही रहने वाले देव ने अपने जन्मदिन की पार्टी में घर बुलाया था। पार्टी में देव के अलावा शांतिनगर में ही रहने वाले हरि, गौरव शर्मा और कुछ अन्य दोस्त भी मौजूद थे। रात करीब दो बजे तक शराब और हुक्के की पार्टी चलती रही। इसी दौरान बहन को गाली देने को लेकर पहले हुए विवाद के चलते गौरव और मोहित के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद गौरव ने मोहित पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद सभी मौके से फरार हो गए। मोहित के भाई मनीष ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल मोहित को एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसीपी ने बताया कि मनीष की तहरीर पर देव, हरि व गौरव शर्मा और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घटनास्थल से शराब की बोतलें, चार प्लास्टिक के गिलास, नमकीन, पिज्जा, खून से सनी कुर्सी और एक हुक्का बरामद किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। मोहित की हत्या से नाराज परिजन और कॉलोनीवासी सुबह एनएच-9 पर पहुंच गए और विजयनगर बाईपास पर जाम लगा दिया। परिजनों ने आरोपियों के एनकाउंटर या फांसी की मांग की। मौके पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### सड़क पर गिराकर किए ताबड़तोड़ वार

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि गौरव ने पहले कुर्सी पर बैठे मोहित पर चाकू से हमला किया। घायल होने के बावजूद मोहित वहां से भाग निकला, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा कर करीब 20 मीटर दूर उसे पकड़ लिया और सड़क पर गिराकर उस पर कई बार चाकू से वार किए। कमरे से लेकर सड़क तक खून के निशान मिले हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## इंदिरापुरम में एफएसएस रोड पर सड़क बनने के साथ ही शुरू हुआ अतिक्रमण



» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

न्यायखंड एक स्थित एफएसएस रोड पर लंबे समय से चली आ रही टूटी सड़क, गड्ढों और सीवर ओवरफ्लो की समस्या के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों को राहत मिल गई है। वहीं सड़क बनना शुरू होते ही अतिक्रमण होने की वजह एक नई चिंता खड़ी हो गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस बार सड़क पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

एफएसएस रोड पर बसी चार हाउसिंग सोसायटियों के 25 हजार से अधिक निवासी पिछले वर्ष नवंबर से खराब सड़क, जलभराव और सीवर ओवरफ्लो की समस्या से परेशान थे। लगातार शिकायतों के बाद अब सड़क निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिससे यातायात और आवागमन में सुधार की उम्मीद जगी है।

सुपरटेक आइकॉन सोसायटी निवासी आशीष तोमर ने बताया कि पहले भी अस्थायी कब्जा और अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो गई थी। वर्तमान में सड़क पर केवल रोड़ी ही डाली गई है। इसके बाद ही लोगों ने कब्जा करना शुरू कर दिया है। सभी चार सोसायटियों के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और निवासियों ने बैठक कर सड़क निर्माण पूरा होते ही अतिक्रमण के खिलाफ जनजागरण अभियान शुरू करने की बात कही है। उन्होंने नगर निगम और प्रशासन से नियमित निगरानी कर अवैध कब्जे पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



## मेरे पोस्ट लाइक करने वाले ही सबसे ज्यादा खूबसूरतः काजोल

अपने चुलबुले और बेबाक अंदाज के लिए पहचाने जाने वाली अभिनेत्री काजोल की सोशल मीडिया पोस्ट भी उतनी ही चटपटी होती है। जब भी सोशल मीडिया पर काजोल कुछ पोस्ट करती हैं, तो उनके फैंस उसे खूब पसंद करते हैं। इस बार भी उन्होंने अपनी एक नई मुस्कुराती हुई फोटो पोस्ट की, लेकिन उससे ज्यादा चर्चा उनके साथ लिखे गए मजेदार और आत्मविश्वासी कैप्शन की हो रही है, जिसने उनके प्रशंसकों को खूब गुदगुदाया। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कार के अंदर क्लिक की गई अपनी एक मुस्कुराती हुई सेल्फी साझा की। इस तस्वीर में वह गुलाबी रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आ रही थीं, जिसके साथ उन्होंने डायमंड और रूबी चोकर नेकलेस पहन रखा था। उनके लाइट मेकअप के साथ उनका लुक काफी आकर्षक और दिलकश लग रहा था। इस मनमोहक तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में अपने ही अंदाज में लिखा, मेरी बनाई हुई एक स्टडी के अनुसार, जो लोग मेरे पोस्ट लाइक करते हैं, वे उन लोगों की तुलना में ज्यादा खुश, ज्यादा इंटेलिजेंट और बेहतर दिखने वाले होते हैं, जो उन्हें लाइक नहीं करते।

पछले महीने ही सामंथा ने हैदराबाद में मां इंची बंगारम फिल्म के सक्सेस मीट के मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान मां बनने की खबर की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया था कि वह जल्द ही मैटरनिटी लीव पर जाने वाली हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि वह जल्द ही एक नए मेहमान का स्वागत करने वाली हैं। सामंथा ने अपने पति राज निदिमोरु के साथ मिलकर साल 2021 में द फैमिली मैन सीजन 2 और हाल ही में सिटाडेलः हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया है, जहां दोनों की प्रोफेशनल केमिस्ट्री भी काफी पसंद की गई। सामंथा और राज दोनों की यह दूसरी शादी है।

## मां बनने के सुखद पलों का आनंद ले रही
# सामंथा रुथ प्रभु





सा उथ की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु के साथ शादी की है और अब दोनों एक नई जिंदगी की शुरूआत के लिए बेहद उत्साहित हैं। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों मां बनने के सुखद पलों का दिल खोलकर आनंद ले रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं। सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने अपना बेबी बंप दिखाया। इस तस्वीर में वह काले रंग के परिधान में नजर आ रही थीं। उन्होंने अपने चेहरे को न दिखाते हुए कैमरे का फोकस खास तौर पर अपने बेबी बंप पर रखा, जिससे यह स्पष्ट था कि वह इस खास पल को पूरी तरह से जी रही हैं। इस तस्वीर पर उन्होंने एक मजेदार और दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने कहा, मेरे सिक्स पैक्स, मैं तुम्हें जल्द ही देखूंगी, जब दोबारा मिलना होगा। इसके साथ उन्होंने एक मुस्कुराता हुआ इमोजी भी साझा किया, जो उनकी खुशी और प्रेग्नेंसी के प्रति उनके सहज रवैये को दशार्ता है। यह पोस्ट बताता है कि अभिनेत्री इन दिनों फिल्मों से ब्रेक लेकर अपने मातृत्व के सफर का भरपूर आनंद ले रही हैं।

*यह पोस्ट बताता है कि अभिनेत्री इन दिनों फिल्मों से ब्रेक लेकर अपने मातृत्व के सफर का भरपूर आनंद ले रही हैं। पिछले महीने ही सामंथा ने हैदराबाद में मां इंची बंगारम फिल्म के सक्सेस मीट के मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान मां बनने की खबर की पुष्टि की थी।*

पिछले महीने ही सामंथा ने हैदराबाद में मां इंची बंगारम फिल्म के सक्सेस मीट के मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान मां बनने की खबर की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया था कि वह जल्द ही मैटरनिटी लीव पर जाने वाली हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि वह जल्द ही एक नए मेहमान का स्वागत करने वाली हैं। सामंथा ने अपने पति राज निदिमोरु के साथ मिलकर साल 2021 में द फैमिली मैन सीजन 2 और हाल ही में सिटाडेलः हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया है, जहां दोनों की प्रोफेशनल केमिस्ट्री भी काफी पसंद की गई। सामंथा और राज दोनों की यह दूसरी शादी है। सामंथा की पहली शादी अभिनेता नागा चैतन्य संग हुई थी, जबकि राज ने श्यामली डे से शादी की थी। दोनों ही अपने पिछले रिश्तों से तलाक ले चुके हैं।

## फोटो स्टोरी



लंदन में विंबलडन टेनिस टूनामेंट में बुलगारिया के ग्रिगोर डिमित्रोव दूसरे दौर का मैच जीतने के बाद उत्साहित होते हुए।

## शार्दुल का लक्ष्य भारतीय टीम में वापसी करना




**मुम्बई , यूटर्न/ 03 जुलाई ।** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा है कि उनका लक्ष्य घरेलू क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर टीम में वापसी करना है। शार्दुल ने कह कि देश की ओर से खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मेरा प्रयास भी यही है, साथ ही कहा कि जब भी अवसर मिला है। मैंने टीम को जीत दिलाने में अपना पूरा योगदान दिया है। शार्दुल के अनुसार पिछले साल हुए इंग्लैंड दौरे में उनकी क्षमताओं का सही इस्तेमाल नहीं हुआ जिसके कारण ही वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। तब उन्होंने दो मैचों में कुल 27 ओवर गेंदबाजी की और दो विकेट लिए थे। शार्दुल ने दावा किया है कि गेंदबाजी का उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। ।उनका कहना है कि उन्हें न केवल कम ओवर दिए गए, बल्कि गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई, जिससे वह अधिक प्रभावी नहीं रहे। इस ऑलराउंडर ने कहा, जब मैंने इंग्लैंड में खेला तो गेंदबाजी में मेरा सही इस्तेमाल नहीं हुआ। उन्होंने जोर दिया कि उन्हें गेंदबाजी के लिए सही समय पर नहीं लगाया गया। मुझे सिर्फ कम गेंदबाजी नहीं मिली, बल्कि गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई। मुझे लगता है कि रणनीति में कहीं न कहीं गलती हुई थी।, उन्होंने कहा कि लीड्स टेस्ट में लगातार दो गेंदों पर बेन डकेट और हैरी ब्रूक के बड़े विकेट लेने के बाद भी उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया था।

## फीफा वर्ल्ड कप : स्विट्जरलैंड ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह, अल्जीरिया को 2-0 से हराया




**वैंकूवर, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** स्विट्जरलैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। बीसी प्लेस स्टेडियम में हुए राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में स्विट्जरलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अल्जीरिया को 2-0 से हराया।

स्विट्जरलैंड की ओर से इस मुकाबले में ब्रील एम्बोलो और डैन नडोये ने गोल दागे। मैच की शुरूआत से ही स्विट्जरलैंड ने आक्रामक खेल दिखाया। 10वें मिनट में जोहान मंजांबी ने शानदार दौड़ लगाते हुए गेंद को पेनल्टी बॉक्स के अंदर पहुंचाया। मंजांबी से मिले पास को ब्रील एम्बोलो ने गोल में तब्दील करके स्विट्जरलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ में अल्जीरिया ने भी कुछ अच्छे हमले किए, लेकिन टीम स्विट्जरलैंड के डिफेंस को नहीं भेद सकी। दूसरे हाफ की शुरूआत होते ही स्विट्जरलैंड ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। खेल शुरू होने के एक मिनट के अंदर ही डेनिस जकारिया का क्रॉस अल्जीरिया की टीम ठीक से क्लियर नहीं कर सकी। गेंद डैन नडोये के पास पहुंची, जिन्होंने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में भेज दिया। यह वर्ल्ड कप में नडोये का पहला गोल था और उन्होंने खास अंदाज में इसका जश्न मनाया। 2-0 से पीछे होने के बाद अल्जीरिया मैच में वापसी नहीं कर सका। टीम ने कुछ कोशिशें जरूर कीं, लेकिन वह कोई बड़ा मौका नहीं बना पाई। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और अपनी बढ़त सुरक्षित रखी। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड ने वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इससे पहले, टीम ने ग्रुप चरण में बोस्निया और हजेगोविना तथा कनाडा को हराया था। यह पहला मौका है जब स्विट्जरलैंड ने वर्ल्ड कप में लगातार तीन मैच जीते हैं। स्विट्जरलैंड 17 मुकाबलों में सिर्फ एक हार के साथ इस मैच में उतरा था, और टीम ने अपनी जबरदस्त लय को अल्जीरिया के खिलाफ भी बनाए रखा। अब स्विट्जरलैंड का अगला मुकाबला 7 जुलाई को कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नए राष्ट्रपति विमान की ऐतिहासिक पहली उड़ान, ट्रंप ने की महत्वपूर्ण घोषणा

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 जुलाई**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्थ डकोटा यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा केवल एक ऐतिहासिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह 37 साल बाद नए सिरे से तैयार किए अमेरिकी राष्ट्रपति के विमान (जिसे आधिकारिक हवाई यातायात नियंत्रण कॉल चिह्न वायु सेना एक कहा जाता है) की पहली उड़ान भी थी। ट्रंप ने विमान को शानदार और बेहतरीन बताया, जिससे उनका दौरा और भी खास बन गया।




नॉर्थ डकोटा के मेडोरा में समर्थकों को संबोधित कर ट्रंप ने सबसे पहले इस नई उड़ान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, यह 37 साल बाद इस विमान की पहली आधिकारिक उड़ान थी। यह एक बेहतरीन विमान है। उन्होंने थियोडोर रूजवेल्ट को एक बेहद खास व्यक्ति बताया, जिनकी वे लंबे समय से प्रशंसा करते रहे हैं और जिन्हें अपना आदर्श मानते हैं।

ट्रंप रूजवेल्ट राष्ट्रपति पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में शामिल होने मेडोरा पहुंचे थे, जहाँ वह इस पुस्तकालय का उद्घाटन करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने। इस भावुक क्षण में, राष्ट्रपति ट्रंप ने श्वेत भवन के रूजवेल्ट कक्ष से थियोडोर रूजवेल्ट का कांग्रेस का सम्मान पदक निकालकर पुस्तकालय को भेंट किया। कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे डग बर्गम ने ट्रंप की उपस्थिति को ऐतिहासिक क्षण बताकर कहा कि पुस्तकालय खुलने पर आगंतुक राष्ट्रपति ट्रंप की आवाज में रूजवेल्ट के प्रसिद्ध भाषण अखाड़े में व्यक्ति का अंश सुन सकते है। बर्गम ने ट्रंप को आज के अखाड़े में व्यक्ति कहा। राष्ट्रपति ट्रंप ने नई पुस्तकालय को बेहतरीन संग्रहालय, शानदार पुस्तकालय और उत्कृष्ट केंद्र बताकर इसकी तारीफ की।

## संक्षिप्त खबरें

### यूएस डेमोक्रेट्स ने ग्रीन कार्ड पॉलिसी में बदलाव को दी चुनौती

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक लॉमेकर्स ने ट्रंप प्रशासन से ग्रीन कार्ड प्रक्रिया में किए गए उस बदलाव को वापस लेने की मांग की है, जिसे उन्होंने एक बड़ा नीतिगत परिवर्तन बताया है। उनका कहना है कि नई नीति के कारण ग्रीन कार्ड के पात्र आवेदकों को अमेरिका में रहकर अपना स्टेटस एडजस्ट करने के बजाय स्थायी निवास (परमानेंट रेजिडेंस) के लिए विदेश से आवेदन करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के निदेशक जोसेफ एडलो को लिखे पत्र में सीनेटर एलेक्स पडिला, सीनेटर डिक डर्बिन, प्रतिनिधि जेमी रास्किन और प्रतिनिधि प्रमिला जयपाल के नेतृत्व वाले डेमोक्रेटिक लॉमेकर्स ने 21 मई को जारी यूएससीआईएस के नीति ज्ञापन पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि इस ज्ञापन में स्टेटस एडजस्टमेंट को 'असाधारण प्रकार की राहत' बताया गया है और ऐसे नए विवेकाधीन मानदंड लागू किए गए हैं, जिन्हें कांग्रेस ने कभी अधिकृत नहीं किया।

### सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक कैफे में भीषण धमाका, 9 लोगों की मौत

**दमिश्क, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक कैफे में भीषण धमाके में 9 लोगों की जान चली गई है, जबकि 20 लोग घायल हो गए हैं। सीरिया के गृह मंत्रालय की ओर से बीती रात ये जानकारी दी गई कि मध्य दमिश्क के एक कैफे में धमाका हुआ और 9 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, लगभग एक किलोग्राम वजन वाले एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से धमाका किया गया, जिसमें धातु के टुकड़े भरे हुए थे। स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे विस्फोट किया गया।

## रूस ने कीव पर किया साल का सबसे बड़ा हमला, 27 लोगों की मौत

**कीव, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर इस साल का सबसे बड़ा हमला कर दिया है। तड़के किए गए इस भीषण हमले से पूरे कीव में भारी तबाही मची है और कम से कम 27 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि दर्जनों घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस संघर्ष को रोकने के लिए कोई ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने कीव पर यह हमला सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए किया। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने रातभर में करीब 74 मिसाइलें और 496 ड्रोन दागे। पूरी रात कीव के कई इलाकों में लगातार धमाकों की आवाजें गूंजती रहीं, जिससे शहर में दहशत का माहौल पैदा हो गया। हजारों लोग अपनी जान बचाने के लिए बम शेल्टरों और अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों में भागते दिखे। हमले के बाद पूरा शहर काले धुएं की जद में आ गया, जिससे सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने बताया है कि अस्पताल में भर्ती एक घायल व्यक्ति की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

## 66 अरब में चीन ने पहाड़ काट दौड़ा दी 350 किमी/घंटा की रफ्तार से बुलेट ट्रेन

**बीजिंग, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** चीन ने अपने विशाल हाई-स्पीड रेल नेटवर्क में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली नई बुलेट ट्रेन सेवा शुरू की है। यह परियोजना देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य हिस्सों को जोड़ते हुए दुर्गम चिनलिंग पर्वतों से होकर गुजरती है, जिसे चीन के इंजीनियरिंग कौशल का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है। इस नई बुलेट ट्रेन सेवा की शुरूआत मंगलवार को शीआन ईस्ट रेलवे स्टेशन से बुलेट ट्रेन जी-3966 के रवाना होने के साथ हुई। यह हाई-स्पीड रेल लाइन शान्शी प्रांत की राजधानी शीआन को हुबेई प्रांत के शियान शहर से जोड़ती है। इस 257 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के चालू होने से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय 6 घंटे से भी अधिक कम हो गया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क में क्रांतिकारी सुधार आएगा। इसके अतिरिक्त, यह नई लाइन पहले से मौजूद वुहान-शियान हाई-स्पीड रेल से भी जुड़ती है, जिससे अब शीआन से वुहान तक का सफर मात्र 2 घंटे 41 मिनट में पूरा किया जा सकेगा।

## वेनेजुएला आये विनाशकारी भूकम्प के आठ दिन बाद मलबे में दबे एक व्यक्ति को जीवित निकाला

**काराकास, यूटर्न/ 03 जुलाई ।** वेनेजुएला में आए दोहरे भूकंप के बाद ढही इमारत के मलबे में आठ दिन तक फंसे रहने के बाद एक व्यक्ति को जीवित बचा लिया गया है। बीबीसी के एक रिपोर्ट के अनुसार, आपातकालीन कर्मियों ने 140 टन मलबे के नीचे दबे हर्नान गिल को खोजने के 100 घंटे से अधिक समय बाद उन्हें बाहर निकाला। एक चिली के दमकलकर्मी ने पहले बचाव अभियान को 'निस्संदेह अब तक का सबसे जटिल और तकनीकी रूप से कठिन अभियान' बताया था। गुरुवार शाम तक, 24 जून को वेनेजुएला में आए भूकंपों में 2,595 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और हजारों लोग अभी भी लापता हैं। हर्नान गिल ऑक्सीजन मास्क, गले में कॉलर और नारंगी कंबल में लिपटे हुए स्ट्रेचर पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। बचाव दल ने गिल को बचाने के लिए 100 घंटे से अधिक समय तक धीरे-धीरे प्रयास किया।

# दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक युद्धाभ्यास होनोलूलू पहुंचा भारतीय विमान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

नौसेना का लंबी दूरी का समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी युद्धक पी-8आई विमान अमेरिका के हवाई द्वीप स्थित होनोलूलू पहुंच गया है। भारतीय नौसेना का यह विमान यहां दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय समुद्री युद्धाभ्यासों में से एक 'रिम ऑफ द पैसिफिक' (रिमपैक) 2026 में हिस्सा लेगा। यह अभ्यास 01 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है और 31 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है।

अपनी इस भागीदारी से भारतीय नौसेना ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी बढ़ती सामरिक भूमिका का एक और मजबूत संदेश दिया है। भारतीय नौसेना ने इस तैनाती को 'ब्रिजेस ऑफ फ्रेंडशिप' यानी मित्रता के पुल का प्रतीक बताया है।

नौसेना के अनुसार, यह भागीदारी स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराती है। साथ ही, इससे मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ आपसी तालमेल (इंटरऑपरेबिलिटी), समुद्री क्षेत्र की निगरानी और संचालनात्मक सहयोग को और मजबूत किया जाएगा। पी-8 आई विमान की बात करें तो, यह भारतीय नौसेना का अत्याधुनिक समुद्री गश्ती और पनडुब्बी रोधी विमान है। यह लंबी



दूरी तक समुद्र में निगरानी करने, दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने, समुद्री सुरक्षा अभियानों को अंजाम देने और वास्तविक समय में खुफिया जानकारी जुटाने में सक्षम है। इसी कारण यह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है। वहीं, यह समुद्री अभ्यास 'रिमपैक' दुनिया का सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास है। इसमें अनेक देशों की नौसेनाएं भाग लेकर समुद्री सुरक्षा, पनडुब्बी रोधी युद्ध, वायु रक्षा, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत जैसे अभियानों का अभ्यास कर रही हैं। इसके अलावा समुद्री डकैती-रोधी अभियान, बारूदी सुरंग निष्क्रियकरण तथा अन्य जटिल समुद्री अभियानों का संयुक्त अभ्यास भी इसमें शामिल है। इसका उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच समन्वय बढ़ाना और साझा समुद्री चुनौतियों से निपटने की क्षमता विकसित करना है।

रिमपैक 2026 में भारतीय नौसेना की भागीदारी यह दशार्ती है कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय समुद्री सुरक्षा साझेदार के रूप में अपनी भूमिका लगातार मजबूत कर रहा है। इस अभ्यास के माध्यम से भारतीय नौसेना मित्र देशों के साथ आधुनिक युद्धक तकनीकों, सामरिक अनुभवों और संयुक्त अभियानों की क्षमता को और सुदृढ़ करेगी, जिससे क्षेत्रीय और वैश्विक समुद्री सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

## वेनेजुएला में लोगों की मदद के लिए भारत के 'ऑपरेशन अमिस्ताद' की हो रही सराहना

» **काराकास, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

भारत के मानवीय राहत मिशन, 'ऑपरेशन अमिस्ताद' को वेनेजुएला में बहुत सराहना मिल रही है। पिछले महीने के आखिर में देश में आए भयानक भूकंप के बाद भारतीय टीम की पेशेवर रवैये और उनकी ओर से दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की जा रही है।

वेनेजुएला में भारत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ऑपरेशन अमिस्ताद- वेनेजुएला में भारत के मानवीय राहत प्रयास को इसके व्यवसायिकता और सेवा की गुणवत्ता के लिए जनता से काफी सराहना मिली है।'

भारत ने 24 जून को 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो विनाशकारी भूकंपों के बाद वेनेजुएला की मदद के लिए 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया। इन भूकंपों में 2,000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और पूरे देश में बहुत ज्यादा तबाही हुई।

भारत की भेजी गई मानवीय मदद 28 जून को वेनेजुएला पहुंच गई। इस डेवलपमेंट की घोषणा करते हुए, विदेश



मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भरोसा जताया कि फील्ड हॉस्पिटल यूनिट, राहत का सामान, दवाइयां और मेडिकल उपकरण देश में भूकंप के बाद चल रहे राहत कामों को मजबूत करेंगे।

गुरुवार को, वेनेजुएला के लोगों ने 'ऑपरेशन अमिस्ताद' के तहत बनाए गए फील्ड हॉस्पिटल में भारतीय मेडिकल टीम की सराहना की, जिसने भयानक भूकंप से प्रभावित लोगों का इलाज किया। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनमें लोग हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे हैं और वहां दी गई मेडिकल मदद के अपने अनुभव साझा कर रहे हैं।

## पीओके में इमरान खान की पार्टी ने चुनाव का बहिष्कार किया

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 03 जुलाई ।**

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल जारी है। इस अशांत माहौल के बीच, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 27 जुलाई को होने वाले पीओके विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने का एक बड़ा और अप्रत्याशित फैसला लिया है। पार्टी का कहना है कि यह निर्णय किसी राजनीतिक लाभ या नुकसान के डर से नहीं लिया गया है, बल्कि मौजूदा परिस्थितियों और क्षेत्र में कश्मीरियों के साथ एकजुटता दिखाने और लोकतंत्र के सम्मान में उठाया गया है। पीटीआई, जो वर्तमान में पाकिस्तान की केंद्र सरकार में एक प्रमुख विपक्षी दल है, ने साफ किया है कि जब तक एक स्वतंत्र, न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण राजनीतिक माहौल नहीं बन जाता, तब तक वह किसी भी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेगी। इस कदम से न केवल चुनावों की वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं,



बल्कि पीओके में पाकिस्तान की कठपुतली सरकार के खिलाफ बढ़ते असंतोष को भी बल मिला है।

पीटीआई के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान में प्रतिबंधित संगठन जम्मू कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। पार्टी ने कहा कि पीओके इस वक्त गंभीर संकट से जूझ रहा है, जहां रावलकोट समेत कई अन्य हिस्सों में हजारों नागरिक अपनी मूलभूत आवश्यकताओं और अधिकारों के लिए धरने पर बैठे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *